दिन—मंगलवार दिनांक— 02/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—कांग्रेस दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव में एक परजीवी पार्टी बनकर उभरी है।

02. राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री मोदी ने कहा—नीट परीक्षा में अनियमितता के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

03. एनडीए ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया। जदयू के भगवान सिंह कुशवाहा का विधान परिषद के लिए निर्विरोध निर्वाचन तय।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, गया और सीवान, समेत ग्यारह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव में एक परजीवी पार्टी बनकर उभरी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस जिस पार्टी के साथ रहती है उसके वोट की हकमारी करती है।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का शासनकाल भ्रष्टाचार के लिए जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक प्रधानमंत्री ने यह स्वीकार किया था कि दिल्ली से एक रूपया भेजे जाने पर सिर्फ पन्द्रह पैसा ही लाभुकों तक पहुंचता था।

———बाईट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह के निराशाजनक दौर में लोगों ने भाजपा और एनडीए को सेवा करने का मौका दिया। दस साल में उनकी सरकार ने देश को निराशा के गर्त से निकाल कर विश्वास और भरोसा दिया।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि वर्ष दो हजार चौबीस के चुनाव में देश के लोगों ने लगातार तीसरी बार उन्हें मौका दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों का यह विश्वास संकल्प से सिद्धि का विश्वास है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार कड़े कानून बना चुकी है। श्री मोदी ने कहा कि नीट परीक्षा में अनियमितता मामले में जो भी दोषी होंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण देश के विकास का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने विकसित भारत के संकल्प को विस्तार दिया है और पूरे देश का मार्गदर्शन किया है। प्रधानमंत्री कल राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देंगे।

———————————————————————————————

एनडीए ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया है। श्री कुशवाहा ने राज्यसभा उम्मीदवार बनाये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और एनडीए के सहयोगी दलों के प्रति आभार जताया।

———बाईट———

गौरतलब है कि नवादा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के विवेक ठाकुर और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से राजद की मीसा भारती के निर्वाचन के बाद बिहार से राज्यसभा की दो सीटें रिक्त हो गई हैं। उपेन्द्र कुशवाहा लोकसभा चुनाव में काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

———————————————————————————————

राज्य सरकार ने पटना उच्च न्यायालय के उस आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है जिसमें राज्य में आरक्षण के बढ़े दायरे को निरस्त कर दिया गया था। गौरतलब है कि राज्य में जातीय गणना के बाद सरकार ने आरक्षण का दायरा पचास प्रतिशत से बढ़ा कर पैंसठ प्रतिशत कर दिया था।

———————————————————————————

प्रोफेसर अजय कुमार सिंह पटना विश्वविद्यालय के नये कुलपति होंगे। उनका कार्यकाल तीन वर्षो का होगा। राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ विचार विमर्श के बाद श्री सिंह की पटना विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में नियुक्ति की है।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम हिस्सों में कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड की गईं। सीवान के बड़हरिया में दो सौ बीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं सीवान सदर में एक सौ अंठानवें दशमलव छह, लकडी नवीगंज में एक सौ छियानवे दशमलव चार और गोरियाकोठी में एक सौ इक्यानवे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं कई अन्य जगहों पर अस्सी मिलीमीटर से लेकर एक सौ पचास मिलीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, भोजपुर, गया, सीवान, कैमूर, रोहतास, और मधुबनी समेत ग्यारह जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में मध्यम बारिश की संभावना है।

———बाईट———

———————————————————————————

इधर, लगातार हो रही बारिश के चलते कई जगहों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि भागलपुर में कई सड़कों पर दो से तीन फीट तक जल जमाव हो गया है। बेतिया स्थित गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कई वार्ड में बारिश का पानी प्रवेश कर गया। वहीं, हाजीपुर और नवादा सदर अस्पताल में भी बारिश का पानी फैल गया है। पटना के कई निचले इलाकों में भी जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

———————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के चलते गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानन्दा और परमान नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

हिमालय के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते नेपाल से निकलने वाली नदियां पूरी तरह उफान पर हैं। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोसी नदी का जलस्तर सुपौल और बलतारा में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। कोसी की सहायक नदियां महानंदा और परमान, तैयबपुर, किशनगंज, ढेंगराघाट, अररिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बरसाती नदियों में पानी तेजी से बढने के कारण सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णिया जिलें में निचले इलाकों में बाढ जैसे हालाता हैं। गंडक, बागमती कमल बलान और इसकी सहायक नदियां गोपालगंज, मुजफ्फरपुर और मधुबनी में उफान पर हैं। भारत—नेपाल सीमा पर सोनबरसा बाजार क्षेत्र में झीम नदी का पानी सडक पर बह रहा है। जलस्तर में बढोतरी को देखते हुए जल संसाधन विभाग की बाढ़ निरोधक दल को अलर्ट पर रखा गया है। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

———————————————————————————

नीट परीक्षा रद्‌द करने की मांग को लेकर छात्र राजद ने आज पटना में प्रदर्शन किया। राजभवन मार्च के लिए निकले प्रदर्शकारियों को पुलिस ने इनकम टैक्स गोलंबर पर रोक दिया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई।

———————————————————————————

खगड़िया की विशेष निगरानी अदालत ने अलौली प्रखंड के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी कैलाश रजक को दस साल कारावास और पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोषी अधिकारी को निगरानी की टीम ने दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था।

———————————————————————————

शेखपुरा में कल हुई बैंक लूट की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की सूचना देने वालों को पुलिस पचास हजार रूपये का इनाम देगी। पुलिस अधीक्षक बलराम कुमार चौधरी ने बताया कि सूचना देने वाले का नाम और पता पूरी तरह गोपनीय रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि लोग मोबाईल नंबर नौ चार तीन एक आठ

शून्य शून्य शून्य शून्य नौ और नौ चार तीन एक आठ शून्य शून्य शून्य दो तीन पर सूचना दे सकते हैं।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—कांग्रेस दो हजार चौबीस के लोकसभा चुनाव में एक परजीवी पार्टी बनकर उभरी है।

02. राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद लोकसभा में प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए श्री मोदी ने कहा—नीट परीक्षा में अ नियमितता के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

03. एनडीए ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया। जदयू के भगवान सिंह कुशवाहा का विधान परिषद के लिए निर्विरोध निर्वाचन तय।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, गया और सीवान, समेत ग्यारह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

समाप्त